## जांच के नाम पर जिम्मेदारों ने साधा मौन, फारेंसिक रिपोर्ट बताएगी ब्लास्ट या हादसा

# डीएनए सैंपल के बाद भोला-खलील के परिजन हो गए अंडर ग्राउंड!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

25 अप्रैल को अधारताल थाना क्षेत्र के खजरी खिरिया बायपास के समीप कबाड़खाने में हुए भयंकर विस्फोट के पांच दिन गुजरने के बाद भी पुलिस अब तक कोई ठोस लीड हासिल नहीं कर पाई है। हालांकि एनएसजी अभी भी शहर में डेरा डाले हुए है वहीं एनआईए अपनी पड़ताल कर वापस लौट गई है। कबाड़खाने का संचालक हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी एकाएक कहां गायब हो गया इसका पता अब तक नहीं चल पाया है। वहीं कबाड़खाने में कार्य करने वाले दो मजदूर घटना के बाद लापता है जिनके अवशेषों को एकत्र कर डीएनए सैंपल के लिए भेजा गया है। यह वाकई में घटना में मरने वाले है या नहीं इसको लेकर भी जिम्मेदारों ने जांच के नाम पर मौन साध लिया है।



### सक्रियता दिखाते तो मौके पर धरा जाता शमीम

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि कबाड़खाने में हुए भयंकर विस्फोट के तत्काल बाद हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी मौके पर था। आसपास के लोगों के अलावा दूर दराज से लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। लेकिन पुलिस पूरे एक घंटे बाद पहुंची जिसका फायदा शमीम ने उठाया और भाग गया। इतना ही नहीं क्षेत्रीय लोगों ने भी उसको देखा बल्कि घेरा भी था जिसके बाद उसने मीडिया को घटना के संबंध में जानकारी दी थी। अगर उसी समय सक्रियता दिखाते तो मौके पर शमीम को धर लिया जा सकता था।

### शमीम की तलाश में छापेमारी जारी

वहीं दूसरी तरफ इस पूरे कारोबार के मुखिया शमीम कबाड़ी की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस ने जबलपुर से लेकर प्रयागराज तक कई जगह छापेमारी की है। लेकिन उसका फिलहाल कोई सुराग नहीं है।

### कल पूरी होगी रिमांड

पुलिस ने इस मामले में शमीम के लड़के फहीम और उसके पार्टनर सुल्तान को हिरासत में लिया था। दोनों की रिमांड कल पूरी हो रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस 1 सप्ताह की और रिमांड के लिये आवेदन दे सकती है। वहीं यह भी संभावना है कि राष्ट्रीय एजेन्सियों की रिपोर्ट आने तक दोनों को जेल भेज दिया जाए। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस फिर से रिमांड के लिये आवेदन करे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस दोनों आरोपियों से अब तक कुछ खास जानकारी नहीं निकाल पाई है। दोनों की सुई वहीं अटकी है कि स्क्रैप में आई किसी वस्तु जिसमें विस्फोटक थे, जिसकी जानकारी किसी को नहीं थी, उससे यह हादसा हुआ।

### डीआईजी ने किया 15 हजार का इनाम घोषित

वहीं सोमवार देर शाम डीआईजी तुषारकांत विद्यार्थी ने फरार कबाड़खाना संचालक हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम घोषित कर दिया हैं! उक्त प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुये सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जावेगा।

### एनआईए-एनएसजी की रिपोर्ट करेगी खुलासा-

खजरी बायपास कबाड़ ब्लास्ट मामले में आज भी कई सवाल हैं, जिनका जवाब सामने आना जबलपुर और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये जरूरी है। रजा मेटल इंडस्ट्रीज में ब्लॉस्ट कैसे हुआ। किस एक्सप्लोसिव से हुआ। जिस बम से हुआ वो स्क्रैप में गलती से आया, या साजिशन लाया गया। स्क्रैप किसी सुरक्षा संस्थान से आया या एलपीआर (लांग प्रूफ रेंज परीक्षण स्थल) से ग्रामीण द्वारा बटोरे गये स्क्रैप के जरिये पहुंचा.. आदि आदि। आज भी खजरी कबाड़ ब्लास्ट मामले में सवाल ही सवाल हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट आने के बाद ही इन सवालों का जवाब सामने आएगा। जिसकी वजह से अब जिला प्रशासन और पुलिस की जांच भी एक तरह से रुकी हुई है। एनआईए और एनएसजी की रिपोर्ट के बाद स्थिति साफ होगी और जांच को दिशा मिलेगी।

## 1.23 करोड़ की राशि अधिवक्ताओं के खातें में की गई हस्तांतरित

जबलपुर।

**मृत्यु दावा, चिकित्सा दावा व नवनामांकित अधिवक्ताओं को बड़ी राहत**

प्रदेश के एक लाख से अधिक वकीलों को नामांकित करने वाली संस्था एमपी स्टेट बार कोंसिल ने राज्य के वकीलों व उनके स्वजनों को बड़ी राहत दी है। इसके अंतर्गत उनके बैंक खातों में मृत्यु दावा, चिकित्सा दावा व नव नामांकित वकीलों संबंधी एक करोड़ 23 लाख रुपये की राशि आनलाइन हस्तांतरित की गई है। यह जानकारी स्टेट बार के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि दिवंगत अधिवक्ताओं के परिवार को मृत्यु दावा राशि दी गई है। जबकि अपना इलाज करा चुके वकीलों को चिकित्सा दावा राशि प्रदान कर दी गई है। इसी तरह नव नामांकित वकीलों को कुर्सी-टेबल आदि क्रय करने के लिए राशि जारी की गई है। अनुदान राशि के जो दावे प्रस्तुत हुए थे, उनमें से 41 दिवंगत वकीलों के संबंधितों के खातों में एक करोड़ 13 लाख 35 हजार रुपये भेजे गए। जबकि नव नामांकित अधिवक्ताओं की कुर्सी-टेबल के लिए तीन लाख रुपये व चिकित्सा दावे के लिए छह लाख 80 हजार रुपये दिए गए हैं। इन प्रकरणों को तैयार करने में स्टेट बार की कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला, नीलेश जैन, प्रणय खरे व यश ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। श्री सैनी ने बताया कि परिषद के कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने पूर्व में ही उक्त प्रकरणों में अपने हस्ताक्षर कर दिए थे। उसके बाद स्पेशल मैसेंजर संदीप कोरी के जरिए ग्वालियर भेजकर चेयरमैन के हस्ताक्षर कराए। जिसके बाद उक्त राशि संबंधित बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई।

## मिशन संचालक ने किया बेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण

जबलपुर।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के मिशन संचालक अक्षय तेमरवाल ने शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का जायजा लिया। उन्होंने बेस्ट टू एनर्जी प्लांट के संचालन व्यवस्था को देखकर निगम प्रशासन द्वारा कराये जा रहे कार्यें की सराहना की। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए किये जा रहे सार्थक प्रयासों एवं नवाचारों की भी काफी सराहना की।



निरीक्षण के समय नोडल अधिकारी (एस.बी.एम.) भूपेंद्र सिंह, उपायुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी संभव अयाची, इंजीनियर अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सी.एस.आई. प्लांट श्रीमती हर्ष पटेल, संभाग पीआईयू निशांत भान, निगम पीआईयू राहुल त्रिपाठी, प्लांट टीम इत्यादि उपस्थित रहे।

## फीस वृद्धिः सेंट अलॉयसियस व स्टेम फील्ड स्कूल के प्राचार्य आज देंगे शिकायतों के उत्तर

**जबलपुर।** निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से की गई फीस वृद्धि की प्राप्त शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा आज मंगलवार 30 अप्रैल को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में खुली सुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर आयोजित की जा रही खुली सुनवाई में सेंट अलॉयसियस स्कूल की सभी शाखाओं एवं स्टेम फील्ड विद्यालय में अध्यनरत बच्चों और उनके अभिभावकों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना की उपस्थिति में आयोजित खुली सुनवाई में विद्यालय के प्रबंधक अथवा प्राचार्य शिकायतों पर उत्तर देगें। शिकायतकर्ता भी सुनवाई में उपस्थित हो सकेगें। इन विद्यालयों में अध्ययन कर रहे बच्चे और उनके अभिभावक 30 अप्रैल के पहले जिला कलेक्टर, अपर कलेक्टर प्रथम एवं जिला शिक्षा अधिकारी के पास शिकायत जमा कर सकते हैं। सभी शिकायतों को सुनवाई में शामिल किया जायेगा।

## कलेक्टर ने तीन को किया जिला बदर

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क), (ख) के तहत अनावेदक सुल्तान खान पिता अयूब खान उर्म 30 वर्ष, निवासी मस्जिद के पीछे मडई थाना रांझी और भूरा अंसारी पिता मुन्ना अंसारी उर्म 24 वर्ष, निवासी बावली मोहल्ला वार्ड नं. 5 पठानी मोहल्ला सिहोरा थाना सिहोरा को छहः-छहः माह तथा सौरभ यादव पिता सुनील यादव उर्म 21 साल निवासी वार्ड नं. 4 सैययद बाबा की टोरिया सिहोरा थाना सिहोरा को आठ माह के लिये जिला बदर के आदेश दिये है। आदेश में उन्होंने कहा है कि जिला जबलपुर एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले मडला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर अनावेदक इस आदेश की प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर उव्त दर्शित जिलों की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार लाने का प्रयत्न करे। साथ ही उव्त जिलों की सीमाओं में अपने जिला बदर की कालावधि तक सक्षम न्यायालय, अधिकारी की अनुमति के बगैर प्रदेश न करें। उपरोव्त जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति के लिये छूट रहेगी। यदि अनावेदक वर्तमान में जेल में निरुद्ध है तो उव्त आदेश जेल से छूटने के बाद प्रभावशील होगा।

## धोखाधड़ी का आरोपित दोषमुक्त

जबलपुर।

अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत मालवीय की अदालत ने धोखाधड़ी के आरोपित बरगी, जबलपुर निवासी संतोष तिवारी का दोष सिद्ध नहीं पाया। इसी के साथ दोषमुक्ति आदेश पारित कर दिया। अभियोजन के अनुसार आरोपित ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर गौरीघाट, पोलीपाथर स्थित भूमि पर कब्जा किया। शिकायत पर जांच की गई, जिसमें आरोप की तस्दीक हुई। लिहाजा, गौरीघाट पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। सुनवाई के दौरान आरोपित के वकील ने दलील दी कि उसके पक्षकार को दुर्भावनावश झूठा फंसाया गया है। उसका धोखाधड़ी प्रकरण से कोई सरोकार नहीं है। अदालत ने पाया कि ऐसे ठोस तथ्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिनसे आरोप सिद्ध हो।

### हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव

## मतदाता सूची की जांच के लिए स्क्रूटनी कमेटी का गठन

**जबलपुर।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव मई माह में होने हैं। मतदाता सूची की जांच के लिए स्क्रूटनी कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने जांच के बाद 2562 मतदाताओं की अंतिम सूची बनाकर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वर्मा और सचिव परितोष त्रिवेदी को सौंप दी।कमेटी में अधिवक्ता अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, चंद्रमोहन परनामी, रंजीत सिंह परिहार, संजय सिंह व अमित स्थापक ने मतदाता सूची की जांच और दावे-आपत्तियों का निराकरण किया। जानकारी के अनुसार कमेटी को 2359 मतदाताओं की प्रोविजनल सूची सौंपी गई थी। कमेटी के समक्ष 417 आपत्तियां आईं। इनमें से 397 का निराकरण किया गया। बताया गया कि वोटर लिस्ट में 23 ऐसे वकीलों के नाम थे, जो जिला अदालत के एसोसिएशन में पंजीकृत हैं। इन नामों को सूची से हटाया गया। इसके अलावा कुछ नए नाम भी जोड़े गए।



## एसी का तापमान 27 डिग्री सेट करने पर बिजली बिल में 30 फीसदी तक की कमी

जबलपुर।

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। आमतौर पर कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है। जबकि 27 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें। लेकिन जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है।



यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है। इसलिए समझदारी से काम लेते हुए एसी को 27 डिग्री पर सेट करें तथा सीलिंग फैन एक या दो पाइंट पर जरूर चलाएं, ऐसा करने से बिजली बिल में कमी आ सकती है।

## अवैध गैस रिफलिंग की गतिविधियों को रोकने के निर्देश

## लोगों की जान बचाना और शहर की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में हैः कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जबलपुर के सभी गैस डीलर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि लोगों की जान बचाना और शहर की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है। अतः अवैध गैस रिफलिंग जैसी गतिविधियां न हो। उन्होंने कहा कि विगत दिनों एक स्क्रैब यूनिट में विस्फोट की घटना हुई और अब ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसलिये सभी सचेत हो जायें और अवैध गैस रिफलिंग की गतिविधियों को रोकें। उन्होंने कहा कि पांच व तीन केजी के सिलैंडर के साथ आटो व गाड़ियों में अवैध गैस रिफलिंग की गतिविधियों पर तत्काल रोक लगायें और शहर की सुरक्षा में सहभागी बने। गैस डीलर्स से कहा कि वे अपने कर्मचारियों व हॉकर्स पर भी इस दिशा में नियंत्रण रखें। उन्होंने सभी एसडीएम व खाद्य अधिकारियों से कहा कि इसकी सघन जांच करें कि छोटे सिलैंडर कहां मिल रहे हैं, कौन बनाता है और रिफलिंग कहां होती है। साक्ष्य मिलने पर जब्ती की कार्यवाही के साथ तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने अपना मोबाईल नं. 9407083130 ने आमजन के लिये जारी कर कहा कि जहां कहीं भी अवैध गैस रिफलिंग की गतिविधियां होती है उसकी गोपनीय शिकायत उक्त नंबर पर करें। ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा और लोगों की जान बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। अतः किसी भयावह हादसा होने से पहले सतर्प हो जाये और इस दिशा में सकारात्मक कदम उठायें। विद्यार्थियों के लिये उन्होंने कहा कि वे गैस सिलैंडर उचित तरीके से लें, विद्यार्थियों के केवायसी कराने में गैस डीलर्स व संबंधित अधिकारी उनकी सहायता करें। कलेक्टर ने कहा कि कुछ लोग घरेलू गैस सिलैंडर से छोटे-छोटे सिलैंडरो में अवैध रिफलिंग कर लगभग दोगुना लाभ कमा रहे है, लेकिन इसके पीछे छुपे खतरों को वे नजर अंदाज कर रहें है। अतः ऐसे सिस्टम को पूर्णतः जड़ से खत्म करना है। इसमें सभी गैस डीलर्स और संबंधित अधिकारी आगे आकर कार्य करे। इस दौरान एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## आयोजित की गई बैठक

## शहर में कहीं न हो जल भराव : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शहर में जल भराव की स्थिति को दूर करने के लिये बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के दौरान शहर में कहीं-कहीं जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अतः जहां-जहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है वहां नगर निगम जल निकासी मार्गों की साफ-सफाई कराना सुनिशचित करे। साथ ही कहा कि फ्लाई ओव्हर बनने की वजह से सड़क ऊँची होने के कारण महानद्दा तालाब, दश्मेश द्वार, मदन महल स्टेशन की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित दुकानों व घरो में पानी भरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। अतः पीडब्ल्यूडी व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ संबंधित क्षेत्र के एसडीएम क्षेत्र का निरीक्षण करें और जल भराव न हो इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीती यादव सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### पेयजल को लेकर कोई परेशानी न हो

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में नगरी निकायों व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी पेयजल को लेकर कोई परेशानी न हो। इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। नहरो के माध्यम से यदि पेयजल आपूर्ति में कोई असर नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी नहरों की मरम्मत व सुधार कार्य प्राथमिकता से करायें। उन्होंने कहा कि यदि मानसून आने में देरी होती है तो पेयजल की व्यवस्था समुचित रूप से कर ली जाये। बैठक में जल आपूर्ति व वसूली की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इसके साथ ही कहा कि वर्षा काल में बाढ़ आदि से निजात पाने के लिये सामूहिक सहभागिता से नदी - नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दें, जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह सहित एनवीडीए, डब्ल्यूआरडी, जनपद सीईओ और सीएमओ उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया पाँच तालाबों का निरीक्षण

# शहर के बड़े तालाबों का होगा पुनरुत्थान



**जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र के पाँच बड़े तालाबों के पुनरुत्थान की दिशा में काम करना प्रारंभ किया है। तालाबों के पुनरुत्थान की कार्ययोजना बैंगलुरु के एक गैर सरकारी संगठन के सहयोग से तैयार की जायेगी। इस संगठन के विशेषज्ञों का मई माह के प्रथम सप्ताह में चयनित तालाबों का भ्रमण करना संभावित है। जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती जयति सिंह ने सोमवार को तालाबों का पुनरूत्थान कर इन्हें पुनर्जीवित करने की पहल के तहत सोमवार तीन तालाबों का निरीक्षण किया। ये तालाब जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत परासिया के ग्राम झिरी, ग्राम पंचायत मुकुनवारा के नयागांव एवं पिपरिया मेडिकल के हैं।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार तालाबों के पुनरुत्थान की नवाचारी पहल जिला पंचायत सीईओ ने ही की है। तालाबों को पुनर्जीवित करने की योजना के तहत चयनित तालाबों से सिल्ट निकाली जायेगी, इनके कैचमेंट एरिया के अवरोधों को दूर किया जायेगा तथा नाले-नालियों के गंदे पानी को मिलने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाये जायेंगे।

बताया गया कि जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सिंह ने जिन तीन तालाबों का निरीक्षण किया उनमें काफी कम पानी बचा है। करीब सात से सत्रह एकड़ क्षेत्र में फैले ये तालाब सिल्ट से भरे हुये हैं। कैचमेंट एरिया से बर्षा जल आना भी अवरुद्ध हो गया है। इन तालाबों का फिलहाल प्रारंभिक तौर पर पुरुत्थान हेतु चयन किया गया है। तालाबों का अंतिम रूप से चयन बैंगलुरु से आने वाली विशेषज्ञों की टीम ही करेगी तथा डीपीआर भी तैयार करेगी। इसके बाद ही इस पर क्रियान्वयन प्रारंभ होगा। जिला पंचायत सीईओ के तालाबों के निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत जबलपुर के सहायक यंत्री तथा सबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# नई कार्यकारिणी के गठन के साथ मीमांसा का विमोचन



**जबलपुर।** जबलपुर स्त्री विशेषज्ञ संघ महिला स्वास्थ्य में नित नये आयाम ले रहा है, इसी चरण में संस्था की नयी कार्यकारिणी 2024.25 का उद्घोष किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष डॉ. मानिक पांसे ने डॉ. प्रदन्या हर्षे को व पूर्व सचिव डॉ. दीप्ति गुप्ता ने डॉ. जिज्ञासा डेंगरा को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डीन एवं फॉग्सी अध्यक्ष डॉ. कविता एन सिंह, मुम्बई से डॉ. जयदीप टांक, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा द्वारा की गई। डॉ. प्रदन्या हर्षे व डॉ. जिज्ञासा डेंगरा द्वारा वर्ष 2025.25 में स्त्री स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास, महिलाओं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जानकारी हेतु अवेयरनेस कैंप, विभिन्न प्रतियोगिता स्कूल, कॉलेज स्तर पर करने, अस्पतालों में मानक दण्ड, अनुसार ट्रेनिंग कराने व विशेषज्ञों हेतु राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, सीएमई कराने की रोड मैप प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जॉग्स की प्रथम बुक बुलेटिन मीमांसा का विमोचन भी किया गया। मीमांसा की संपादिका डॉ. कावेरी शा पटेल एवं सह संपादिका डॉ. कीर्ति पटेल ने इस पुस्तिका में सुरक्षित मातृत्व व डिलीवरी पर आंकड़े व शोध व विभिन्न चिकित्सकों से लेकर प्रस्तुत किया। इस पुस्तिका से शहर व आस-पास के चिकित्सक उम्दा शोध व नियमावलियों के बारे में जानकारी पा सकेंगे।

# साहू समाज ने माँ कर्मा भवन के लिए क्रय की भूमि



**जबलपुर।** श्री माँ कर्मा साहू युवा संस्था ने बताया कि माँ कर्मा भवन के लिए बहुत समय से इंतजार रहा, संस्था द्वारा सामाजिक सहयोग से इस कार्य को गति प्रदान की गई जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उक्त भूमि की राशि जो अब तक भूमि स्वामी थे उन्हें प्रदान की गई। इस कार्य के साक्षी बने दीपक साहू, योगेन्द्र साहू, सुनील साहू, सरजू अनिल साहू, सतीश साहू, गगन, उमाकांत, एड. अर्जुन साहू, रजनी कैलाश साहू, रानी दिलीप साहू, अर्चना सुधीर साहू, विमला राकेश साहू, श्रद्धा विनोद साहू, अनिल त्रिलोकचंद, डॉ. पुरुषोत्तम साहू, भोला प्रसाद, साहू, बिल्डर्स राजेश साहू, हरीश, जयप्रकाश, संजय, रामखिलावन, वृंदावन, रज्जन साहू व अन्य। उक्त राशि चेक के माध्यम से रॉबिन जग्गी, कृतज्ञ खोसला, किशोर खोसला को सौंपी गई। इस अवसर पर साहू समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## किसानों को मृदा परीक्षण कराने की सलाह

**जबलपुर।** किसान कल्याण एवं कृषि विभाग ने जिले के किसानों को खेतों को अधिक उपजाऊ बनाने के लिये मृदा परीक्षण कराने की सलाह दी है। विभाग के उपसंचालक रवि आम्रवंशी ने कहा है कि मृदा परीक्षण एक वैज्ञानिक उपयोगी और आवश्यक प्रक्रिया है तथा इसे हर किसान को अपनाना चाहिये। उपसंचालक आम्रवंशी के अनुसार मृदा परीक्षण से किसानों को उनकी खेतों के स्वास्थ्य और उपजाऊ क्षमता की जांच करनें में मदद मिलती है। यह किसानों को मिट्टी के प्राकृतिक गुणों, उसमें कितने खनिज तत्व हैं और उसकी क्षमता के बारे में भी जानकारी प्रदान करती है। इस प्रकिया में खेत की मिट्टी का विश्लेषण किया जाता है। इसमें मिट्टी के प्राकृतिक गुणों, खनिज तत्वों की मात्रा और पोषक तत्वों की उपलब्धता का मापदंड होता है। उपसंचालक किसान कल्याण ने बताया कि मृदा परीक्षण से किसान सही उर्वरकों का चयन कर सकते हैं और अपने खेतों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इससे किसान यह भी जान सकते हैं कि मिट्टी में कौन-कौन से पोषक तत्वों की कमी है और उन्हें कैसे पूरा किया जा सकता है। किसान इसके लिये सही उर्वरक का चयन भी कर सकता है।

## कांग्रेस ने घेरा स्मार्ट सिटी कार्यालय

# मार्निंग वॉकर्स से 1 रुपये की भी वसूली बर्दाश्त नहीं करेगा कांग्रेस

**जबलपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस पार्षद दल और स्टेडियम वॉकर्स ने सोमवार एक साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस ने अंतिम चेतावनी देते हुए सीईओ को जताया कि मॉरिंग वॉकर्स से 1 रुपये की भी वसूली बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस और प्रत्येक खेल विधा सीखने के किए खेल विभाग द्वारा तय शुल्क लिया जाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि स्टेडियम अवैध वसूली का अड्डा बन गया है, यदि यह सब रोका नहीं गया तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन करेगी।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा, पं रवि शंकर शुक्ल (राइट टाउन) स्टेडियम में अवैध वसूली की जा रही है। सुबह व शाम वॉकर्स से 354 रुपए का अवैध शुल्क वसूला जा रहा है जो की आने वाले समय में 1100 तक कर दिया जाएगा । वसूले जा रहे शुल्क में बिना जीएसटी नंबर रसीद में लिखे जीएसटी भी अवैध तरीके से वसूला जा रहा है। मार्निंग और ईवनिंग वाक करने वाले शहर के आम जन जबलपुर नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी की अवैध लूट का शिकार हो रहे है। स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित पं रवि शंकर शुक्ल (राइट टाउन स्टेडियम ) को 15 वर्षों के लिए 6 करोड़ में ठेके पर दे दिया है। जिस कंपनी को ठेका दिया गया है वह कुछ दिन पहले ही बनी है,नियमावली के अनुसार ठेका प्राप्त कंपनी को 3 वर्ष पुराना होना था।यह कंपनी भ्रष्टाचारियो की मिली भगत से नियमों की अनदेखी कर आम जानता को लूट रही है। मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नियमानुसार किसी भी खेल विधा को सीखने के लिए कोच फ़ीस 120/- देनी होगी पर स्टेडियम में इसके विपरीत प्रतेक खेल विधा सीखने के लिए वीआईपी मेनू कार्ड बनाया गया है जिसमे फ़ीस नियूनतम 2200/-से शुरू होती है और 36 हज़ार 80 हज़ार तक खेल सीखने की फ़ीस तय की गई है। इस घेराव में दिनेश यादव ,पूर्व विधायक संजय यादव ,सतीश तिवारी ,पार्षद अतुल बाजपेयी,पार्षद अमरीश मिश्रा,पार्षद अयोध्या तिवारी ,पार्षद सतेंद्र चौबे ,पार्षद याकूब अंसारी ,पार्षद संतोष पंडा,पार्षद गुड्डू नबी,पार्षद प्रमोद पटेल,पार्षद राकेश पांडे,झल्लेलाल जैन,हुकुम जैन,शिव यादव ,विजय जैन ,अभिषेक यादव सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## परशुराम प्रकटोत्सव पर संयुक्त ब्राह्मण समाज निकालेगा वाहन रैली

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव पर संयुक्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विशाल वाहन रैली निकालने के संबंध में तैयारी हेतु रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर खितौला में बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी विप्र बंधुओं ने रैली को विशाल रूप देने के लिए विचार विमर्श कर विस्तृत रुप रेखा तैयार की गई । रैली खितौला नरसिंह मंदिर से खितौला बाजार,पेट्रोल पंप तिराहा,बाबाताल,हरदौल मंदिर,सरावगी मोहल्ला होते हुए झंडा बजार से आजाद चौक,सिहोरा बस स्टैंड होकर बाबा ताल मंदिर में समाप्त होगी जहां अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा ने सभी विप्र बंधुओं से सभी कार्यक्रमों में पहुंचने की अपील की है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**जबलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकण्डरी शाला एवं खालसा स्पोर्ट्स अकेडमी के सहयोग से सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकण्डरी शाला के खेल परिसर हाथीताल में 01 मई 2024 से आठ से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, इसमें बालक और बालिकाओं को शारीरिक व्यायाम के साथ खेलों के नियमों, उपनियमों तथा खेलों की तकनीकि जानकारी दी जाएगी, सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकण्डरी शाला खेल परिसर में एथलेटिक्स, दिउबॉल, मार्शल आर्ट गतका एवं हैंडबॉल खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से अनुरोध है कि प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर शहर, संभाग एवं राज्य का नाम रोशन करें। अधिक जानकारी के लिए खेल परिसर में शाम 04 से 6.30 बजे तक हरमिंदर सिंह ढिल्लो विश्वामित्र अवार्डी से संपर्क कर सकते हैं।

# सी.एम. राइस सिहोरा के परीक्षा परिणाम में 22 प्रतिशत की हुई वृद्धि



**सिहोरा।** सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने जानकारी दी की घोषित हुए हायर सेकंडरी एंव हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि हमने कक्षा के अंतिम बच्चे तक पहुंचने का प्रयास किया है जिससे उत्तीर्ण बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है जो हमारी उपलब्धि है और टीम भावना का ही परिणाम है। विद्यालय में कक्षा 12वीं के गणित संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है प्रथम स्थान अमन पटेल 89.4 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान हर्ष हल्दकर 88.8 प्रतिशत तृतीय स्थान शिवानी हल्दकार 87.8 प्रतिशत रहा है कला संकाय का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा है जिसमें प्रथम स्थान पर विकांक्षा चौबे 93.4 प्रतिशत द्वितीय मानसी पांडे 92.02 प्रतिशत तृतीय स्थान साहिल पाठकार 90.6 प्रतिशत रहा है वाणिज्य संख्या का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा प्रथम स्थान नीलम कुशवाहा 86.02 प्रतिशत द्वितीय स्थान कशिश शुक्ला 82.4 प्रतिशत तृतीय स्थान साक्षी कुशवाहा 79.8 प्रतिशत रहा है इसी प्रकार जीव विज्ञान समूह का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा है प्रथम स्थान पर शकुंतला मरावी एवं मोहन पटेल 88.02 प्रतिशत रहा द्वितीय स्थान संजय चौधरी 87 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान रौनक कुशवाहा 86 प्रतिशत रहा है इसी तरह कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा है जिसमें प्रथम स्थान समीक्षा काछी 89.8 प्रतिशत अनुराग हल्दकार 89.8 प्रतिशत द्वितीय स्थान अंजली चक्रवर्ती 89.6 प्रतिशत तृतीय स्थान महक हल्दकार 88.6 प्रतिशत रहा है।

# नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित

**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा चन्दना संभाग द्वारा विगत दिनों जयंती पर महिला परिषद के संयोजन में पंचायती जैन मंदिर में आयोजित आरती नृत्य व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को केंद्रीय संगठन मंत्री श्रीमति निशा जैन द्वारा पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन,श्रीमति रानी जैन, श्रीमति मेघना जैन एवं विजया जैन, मुक्ता, नीतू सिंघई, प्रज्ञा, रूपाली, नीतू, ममता, सुधा, अनिता, सारिका एवं पाठशाला की अंजना,अलका आदि का सहयोग रहा।

## जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत महाराजपुर पुरानी बस्ती अधारताल में एक युवक ने सल्फास गोली का सेवन कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर पुरानी बस्ती अधारताल निवासी 22 वर्षीय अर्जुन वैष्णव को गत दिवस सल्फास गोली का सेवन करने पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान रात लगभग 12.30 बजे अर्जुन वैष्णव की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# भाई-भाईयों में झगड़ा मारपीट, तोड़फोड़

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम खिरहनी तिराहा के पास पुरानी रंजिश पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के साथ गालीगलौज व मारपीट कर लाठियों से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए बेटों के साथ भी चचेरे भाईयों ने मारपीट कर पल्सर गाड़ी और मोबाइल में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए तथा रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी।



पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरिया निवासी 56 वर्षीय किसान किशन पटेल गत रात 11 बजे अपने खेत से मशीन चालू कर वापस अपने बेटे निहाल पटेल और नीरज पटेल के साथ घर आ रहा था। ग्राम खिरहनी तिराहा के पास हैंडपंप में पानी पीते समय उसका छोटा भाई राजेंद्र पटेल और उसके दोनों लड़के जितेंद्र पटैल व राहुल उर्फ भूरा पटेल पुरानी रंजिश पर उसे गालियां देने लगे, गालियां देने से मना करने पर तीनों लोग लाठियों से उसे मारने लगे, वह जान बचाकर अपने घर के अंदर घुस गया तो तीनों उसके घर के अंदर घुसकर उसे बाहर निकाले और लाठियों से मारपीट कर पैर, पीठ और गाल में चोटें पहुंचा दी। बेटा नीरज पटेल और निहाल बीच बचाव करने लगे तो चचेरे भाई जितेंद्र पटेल ने नीरज का मोबाइल और राजेंद्र एवं भूरा उर्फ राहुल पटेल ने पल्सर गाड़ी में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 427, 452, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 300 ग्राम गांजा जप्त

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत बजरंग बाड़ा हनुमान मंदिर के पास कंदराखेड़ा नई बस्ती के पास अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। पनागर पुलिस थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बरा मोहल्ला नई बस्ती कंदराखेड़ा निवासी 41 वर्षीय पप्पू पटेल गत दिवस बजरंग बाड़ा हनुमान मंदिर के पास कंदराखेडा नयी बस्ती के पास एक पालीथिन में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पप्पू पटेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पप्पू पटेल के विरूद्ध धारा 8/20 एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# युवक और वृद्ध ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत चौधरी मोहल्ला पाटन में एक शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदि था। इसी प्रकार बरगी थानाक्षेत्र में ग्राम बबेहा टोला मोटेहार में खेत में लगे बीही के पेड़ में साड़ी से फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी 38 वर्षीय कोमल उर्फ दस्सू चौधरी की शादी ग्राम आनू जिला दमोह निवासी चंद्रवती चौधरी के साथ हुई थी। उसकी पत्नी चंद्रवती होली के समय मायके चली गई थी। घर पर वह और उसकी 60 वर्षीय माँ श्रीमति ममता चौधरी दोनों रहते थे। कोमल उर्फ दस्सू शराब पीने का आदि था जो रोज शराब लेकर आता और अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर शराब पीकर सो जाता था। आवाज नहीं आने पर परछी में बैठी उसकी माँ ममता ने कमरे के दरार से देखा कोमल उर्फ दस्सू ने फांसी पर लटका था।

इसी प्रकार बरगी में ग्राम बबेहा टोला निवासी 58 वर्षीय देवी सिंह भवेदी परिवार की शादी में खाना खाकर करीब रात लगभग 12 बजे अपने घर वालों को खेत तरफ जा रहा हूं कहते हुए डिब्बे में पानी लेकर खेत तरफ चले गए और परिवार के सभी लोग सो गए। सोमवार की सुबह 5 बजे परिवार वालों की नींद खुली और देवी सिंह को घर पर नहीं दिखे तो उसके बेटे तिवारीलाल भवेदी अपने पिता देवी सिंह की तलाश करते हुए खेत मोटेहार आया जहां खेत में लगे बिही के पेड़ में देवी सिंह भवेदी ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**श्री हिमांशु गुप्ता-** केजी बोस नगर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री सुरेश चंद्र गुप्ता के पुत्र श्री हिमांशु गुप्ता (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुलिया बाई अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लीलाधर अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती मुलिया बाई अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति-** विजय नगर एमआर फोर रोड निवासी श्री शैलेंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा साहनी-** ललाकपुर बिहार निवासी श्री रामचंद्र साहनी के पुत्र श्री राज साहनी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तारा बाई दुबे-** सुहागी अधारताल निवासी श्रीमती तारा बाई दुबे (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कढ़ोरी लाल पटेल-** मगरमुहा शहपुरा निवासी श्री कढ़ोरी लाल पटेल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद महावर-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री जगदीश प्रसाद महावर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री सत्यम कुशवाहा-** जाग्रति नगर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री संतोष कुशवाहा के पुत्र श्री सत्यम कुशवाहा (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कश्मीरी लाल मल्होत्रा-** नयागांव रामपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री कश्मीरी लाल मल्होत्रा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम लाल सोनी-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री प्रेम लाल सोनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अजय कुमार अग्रवाल-** शुक्ला कम्पाउंड सदर निवासी श्री अजय कुमार अग्रवाल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूपति भारती-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम नारायण भारती के पुत्र श्री भूपति भारती (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला देवी उपाध्याय-** महाकौशल नगर अधारताल निवासी श्री सच्चिदानंद उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी उपाध्याय (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# मोदी के नाम, काम और मोदी की गारंटी, उससे भरोसा है कि जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें

## मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में जो काम किए हैं, श्री मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उसी के साथ हमारी सरकार ने सौ दिनों में जिस तरह से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया, उससे भरोसा है कि प्रदेश की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटों पर आशीर्वाद देकर जीत दिलाने का काम करेगी। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से चुनावी संवाद में हुई बाचचीत के अंश प्रस्तुत हैं।

inh न्यूज विशेष



### ये बोले छग सीएम विष्णुदेव साय

### उनसे सीधी बात

सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए।

**सवाल**: लोकसभा चुनाव में क्या लग रहा है?

**जवाब**: वातावरण बहुत अच्छा दिख रहा है, मोदी जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की बात है, सभी लोग उत्साहित हैं। हम अभी तक 45 से ज्यादा विधानसभाओं में चुनावी सभाएं कर चुके हैं। मोदी जी के दस साल के कामों का असर जनता में है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने सौ दिनों में मोदी की गारंटी को पूरा करने का भी काम किया है, इसका भी असर दिख रहा है। दूसरे चरण के चुनाव में भी अच्छा मतदान हुआ है। भाजपा के प्रति अच्छा रूझान लोगों का है।

**सवाल**: पहली बार है जब मुख्यमंत्री के तौर पर चुनाव लड़वा रहे हैं, कितने दबाव में हैं आप?

**जवाब**: हमारे लिए पहला अवसर है, मुख्यमंत्री के नाते चुनाव प्रचार करना है। 11 लोकसभा हैं, 90 विधानसभा हैं, लोगों का रूझान भाजपा और मोदी जी के पक्ष में है। लोगों से मिलकर अच्छा लग रहा है। तनाव थोड़ा तो रहता है, चुनाव को चुनाव की दृष्टि से ले रहे हैं। सामने वाले को कमजोर नहीं मान रहे हैं। लोग जब मोदी जी और भाजपा के पक्ष में विश्वास दिखाते हैं तो सारा तनाव और थकान मिट जाती है।

**सवाल**: बड़े लक्ष्य ले लिए हैं, चार सौ पार, छत्तीसगढ़ में सभी 11 सीटें जीतने का?

**जवाब**: देखिए 2014 में अकेले भाजपा को 282 सीटें मिली थीं। 2019 में जनता ने मोदी जी के काम को देखते हुए 303 सीटें भाजपा को दी थीं। जनता मोदी जी के दस साल के कामों को देख रही है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया है। पार्टी का लक्ष्य है अकेले भाजपा 370 से ज्यादा सीट जीतने और एनडीए 400 पार करेगी। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है हमें भरोसा है कि यहां भी भाजपा सभी सीटें जीतेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में सरकार से आऊट होने के बाद 11 में से 9 सीटें जीती थीं, इस बार पूरी सीटें जीतेंगे। हमारी सरकार ने तीन माह में जो काम किया है, इसी के साथ कांग्रेस में जिस तरह का बिखराव है, उससे भरोसा है कि जनता भाजपा को सभी सीटों पर आशीर्वाद देगी।

**सवाल**:कांग्रेस ने बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतारे हैं, भाजपा ने अपने सासंदों की टिकट काट दी, क्या कहते हैं?

**जवाब**: कांग्रेस की बड़ी दुर्गति है, कांग्रेस ने जनता का विश्वास खोया है। सरकार में आने से पहले कांग्रेस ने जो 36 वादे किए थे, वो पूरे ही नहीं किए। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा के चुनाव में प्रत्याशी नहीं मिल रहे थे, इसलिए इन नेताओं को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस में इस समय बहुत ज्यादा बिखराव है, कुछ ही समय में 25 हजार से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में आए हैं।

**सवाल**:पुराने कार्यकर्ता सवाल नहीं करते हैं कि क्यों कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है?

**जवाब**: हमारे कार्यकर्ता ऐसे नहीं हैं। जो प्रवेश कर रहे हैं, उनसे हमारे कार्यकर्ता घुल मिल जाते हैं। जो आ रहे हैं, वो देश की सेवा करने और मोदी जी के कामों से प्रभावित होकर ही आ रहे हैं। आने वाले समय में इनका भी काम दिखेगा।

**सवाल**:राजनांदगांव से भूपेश बघेल के मैदान में रहने से कितनी परेशानी हुई?

**जवाब**: कोई परेशानी नहीं हुई है। हम तो कहते हैं कि कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मैदान में उतारकर हमारे युद्ध को और आसान कर दिया। भूपेश बघेल से अपने पांच साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खोने का ही काम किया है। उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बनाने के साथ भ्रष्टाचार का भी गढ़ बनाने का काम किया। घोटाले भी लगातार हुए हैं। इसकी वजह से कई अधिकारी भी जेल में हैं। अपराध का सरगना अगर आज राजनांदगांव से चुनाव मैदान में है तो इससे हमें चुनाव में आसानी ही हुई है।

**सवाल**:भूपेश बघेल दुर्ग और रायपुर से क्यों नहीं लड़े, आपको क्या लगता है?

**जवाब**: उनको अपना गृह नगर सुरक्षित नहीं लगा होगा। भाजपा के सांसद विजय बघेल पिछला चुनाव चार लाख से ज्यादा मतों से जीते थे, इसलिए उनको हार का खतरा रहा होगा। इस बार भी विजय बघेल रिकार्ड मतों से जीतेंगे।

**सवाल**:भूपेश बघेल का भविष्य क्या लगता है?

**जवाब**: पूरे देश में जिस तरह के कांग्रेस पार्टी जनता का विश्वास खो चुकी है। भूपेश बघेल ने जिस तरह से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अपने शासनकाल में धोखा किया है, उससे इनका भविष्य अच्छा नहीं लगता है।

**सवाल**:बस्तर की सीट पिछली बार हार गए थे, इस बार क्या लग रहा है?

**जवाब**: इस बार विश्वास है बस्तर की सीट हम जीत रहे हैं। दीपक बैज को कांग्रेस ने तो टिकट देने की भी हिम्मत नहीं की है। दीपक बैज को विधानसभा में हमारे एक छोटे कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष ने हरा दिया था।

**सवाल**:जब सब कुछ अच्छा चल रहा है तो फिर इतने दौरे करने की जरूरत क्यों है?

**जवाब**: वातावरण भाजपा के पक्ष में है, यह बात ठीक है, पर विपक्ष को कभी कमजोर मानकर नहीं चलना चाहिए। हम लोग को विश्वास है लेकिन अतिविश्वास में नहीं है। जहां तक कोरबा की बात है यहां से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय हमारी प्रत्याशी हैं। इनको बड़ा अनुभव है। सामने कांग्रेस की प्रत्याशी ज्योतना महंत हैं, पांच साल सांसद रही हैं, इन पर निष्क्रियता का आरोप है। इनको क्षेत्र में लोग पहचानते तक नहीं हैं। इसका लाभ भी भाजपा को मिल रहा है। इस बार कोरबा का चुनाव हमारे लिए आसान है।

**सवाल**:आपकी सरकार के कामों से चुनाव में कितनी मदद मिलेगी?

**जवाब**: मोदी जी का आशीर्वाद तो है ही, लेकिन हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के जो वादे चाहे वो प्रधानमंत्री आवास की बात हो, किसानों को दो साल बोनस देने की बात हो, किसानों से 31 सौ रुपए में 21 क्विंटल धान खरीदी की बात हो, महतारी वंदन योजना में विवाहित महिलाओं को दो माह की किश्त दे चुके हैं। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की बात हो। हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का जो काम किया है। इसका लाभ भी लोकसभा चुनाव में मिलेगा। ।

**सवाल**:आपको सरल और सहज कहा जाता है, सवाल यह कि साय की सरकार सरलता से चल रही है या अफसरों से चल रही है?

**जवाब**: स्वभाव से हम जरूर विनम्र है लेकिन जहां जनहित और प्रदेश की बात आएगी तो कठोर से कठोर निर्णय लेने में भी परहेज नहीं होगा।

**सवाल**:साय अधिकारियों के मुताबिक काम कर रहे हैं या अधिकारी आपके मुताबिक काम कर रहे हैं?

**जवाब**: हमारे अनुसार अधिकारी काम कर रहे हैं। हमको भी 30 साल का अनुभव है, चार बार सांसद रहे हैं, दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। मोदी जी के शासन में राज्यमंत्री के रूप में भी कम कर चुके हैं। हमको लंबा अनुभव है। हम अपने हिसाब से जनहित में जो अच्छा लगता है, काम करते हैं।

**सवाल**:भूपेश बघेल और विष्णुदेव साय के काम को लेकर अधिकारी क्या अंतर बताते हैं?

**जवाब**: भाजपा और कांग्रेस के कामकाज के तरीके में बहुत अंतर है। उनकी जैसी संस्कृति हम लोग नहीं ला सकते हैं। जनहित में कठोर निर्णय लेने की भी क्षमता हम लोगों में है।

**सवाल**:आप कहते हैं काम सांय-सांय हो रहा है, भूपेश बघेल कहते हैं सट्टा सांय-सांय चल रहा है?

**जवाब**: कांग्रेस के लोग झूठ बोलने में बहुत माहिर हैं। आज महादेव सट्टा एप का आरोप किस पर है, किस पर एफआईआर है। आज भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप है।

**सवाल**:रायगढ़ लोकसभा को लेकर क्या कहते हैं, नया चेहरा है वहां?

**जवाब**: चेहरा नया है, राधेश्याम राठिया ने सरपंच से काम शुरू किया था। जनपद अध्यक्ष भी रहे। संगठन में भी रहे। उनको लंबा जनसेवा करने का अनुभव है। पूरे क्षेत्र में उनकी पहचान है। बहुत सरल और मिलनसार है। सब उनको चाहते हैं। रायगढ़ से मैं चार बार सांसद रहा हूं। जनता का हमेशा भाजपा के साथ रहा है। इस बार भी जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा।

**सवाल**:दूसरे राज्यों में भी जा रहे हैं चुनाव प्रचार क्या अनुभव रहा है?

**जवाब**: पार्टी के आदेश पर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। मप्र तीन बार जा चुके हैं। झारखंड, तेलंगाना जा चुके हैं। आगे और भी राज्यों में जाना होगा। जहां भी गए हैं, वहां भाजपा के पक्ष में अच्छा वातावरण है।

**सवाल**:जिंदगी कितनी बदल गई मुख्यमंत्री बनने के बाद आपकी?

**जवाब**: हम तीस साल से विधायक और सांसद के रूप में काम कर रहे हैं। उस समय कार्यक्षेत्र छोटा रहने के कारण क्षेत्र के लोगों के बीच रहते थे, अब मुख्यमंत्री होने के नाते पूरे प्रदेश के लोगों के बीच रहते हैं। एक आदत हो गई है लोगों के बीच में रहने की। परिवार के लोगों से अब मिलना-जुलना कम हो गया है।

**सवाल**: आप अपना मोबाइल हमेशा अपने पास रखते हैं, क्या स्टाफ ठीक नहीं मिला है?

**जवाब**: प्रदेश के लोगों और हमारे कार्यकर्ताओं में विश्वास है मैं अगर फोन नहीं उठा पाऊंगा तो देर सवेर काल बैक जरूर करूंगा। आज भी हमारे क्षेत्र के लोग मुझे मुख्यमंत्री नहीं अपना साथी मानते हैं। आज भी कहीं ट्रांसफार्मर फेल हो जाता है, कहीं हेंड पंप खराब हो जाता है तो मेरे पास फोन आता है। मैं फोन उठाता भी हूं। आज भी मेरे पास बीएसएनएल का बरसों पुराना नंबर है जो सबके पास है।

---

### खबर संक्षेप

### कांग्रेस विधायक रावत थामेंगे भाजपा का दामन

**भोपाल।** कांग्रेस के सीनियर नेता और श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से 6 बार के कांग्रेस विधायक



रामनिवास रावत मंगलवार को भाजपा की सदस्यता लेंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के समक्ष वे भाजपा की सदस्यता लेंगे। हालांकि, रावत ने इस मामले में अब तक चुप्पी साधी हुई है।

### अब 18 जून को होगी यूजीसी नेट परीक्षा

**नई दिल्ली।** यूजीसी नेट जून 2024 की एग्जाम डेट बदल गई है। यह फैसला लोक सेवा आयोग




की प्रीलिम्स से डेट टकराने के चलते लिया गया। अब यह परीक्षा 18 जून को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी यूजीसी प्रमुख जगदेश कुमार ने दी है।

### जेईई एडवांस के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेन की परीक्षा में क्वालीफाई करने वाले




विद्यार्थियों के लिए जेईई एडवांस के आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी आगामी सात मई तक जेईई एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एनटीए की वेबसाइट पर प्रारूप जारी किया गया है। 26 मई को परीक्षा होगी।

---

## मुख्यमंत्री यादव सोमवार को अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने सुल्तानपुर पहुंचे, यदुवंशियों का आह्वान किया

# श्रीकृष्ण ने धर्म की 'स्थापना' के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया.. आज पुनः वही समय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को केंद्रीय मंत्री व अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नामांकन दाखिल कराने उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में यहां यदुवंशी रहते हैं। मैं सभी यदुवंशियों से कहना चाहता हूं आप सब भाग्यशाली हो, 5 हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए पूरा जीवन कुर्बान किया। आज हमारे सामने पुनः वही समय आ गया है। डॉ. यादव ने कहा कि मैं उस पार्टी से आता हूं, जो सबका साथ, सबका विकास सिर्फ कहती नहीं है, बल्कि करके भी दिखाती है।

> सीएम ने कहा कि मैं उस पार्टी से आता हूं, जो सबका साथ, सबका विकास सिर्फ कहती नहीं है, बल्कि करके भी दिखाती है, इसका प्रमाण मैं खुद हूं

सुल्तानपुर के गौरीगंज में तपती दोपहरी में भी बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जनसभा में पहुंचे। रोड-शो के दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा।

◆ कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान

◆ राम मंदिर के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया



### मथुरा वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है?

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव की बेला में बहन स्मृति ईरानी 56 इंच के सीने वाले मोदी जी के साथ खड़ी हैं। पर अब जिम्मेदारी आप सभी की है कि प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते हुए बहन स्मृति पर अपना विश्वास जताएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जबरदस्ती प्रत्याशियों को ला लाकर परेशान है। कोई प्रत्याशी उनके साथ नहीं आ रहा है।

**विपक्ष पर जमकर हमलावर हुए सीएम**

### कांग्रेस के युवराज अनाप-शनाप बोल रहे

डॉ. यादव ने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि यहां के कई झंडाबरदारों ने कहा, वो कौन हैं? हम तो पहचानते नहीं। आप क्यों पहचानोगे, आप अपने घर वालों के अलावा किसी को वैसे भी पहचानते नहीं हैं। यहां का कोई और बच्चा बड़े पदों पर क्यों नहीं जा सकता। पर यह बनाने का दम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में ही है।

### बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे भगवान राम का 500 साल बाद सूर्य तिलक हुआ है और आज भाजपा की प्रत्याशी हमारी बहन स्मृति ईरानी का भी सूर्य तिलक हुआ है। मध्यान्ह के समय में चमकते हुए सूर्य देवता आशीर्वाद दे रहे हैं कि भारतवासी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़े।

---

## भाजपा नेता देवराज गौड़ा ने किया दावा

# पेनड्राइव में मिले 2976 अश्लील वीडियो, की जाती थी 'ब्लैकमेलिंग'

प्रज्वल रेवन्ना मामले में महिला आयोग भी सख्त


प्रज्वल रेवन्ना

एजेंसी ▶▶ हासन

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा नेता ने एक बड़ा खुलासा किया है। भाजपा नेता ने दावा किया है कि उन्हें अश्लील वीडियो में भरी एक पेन ड्राइव पहले मिली थी, जिसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष को सूचित किया गया था।

इस पूरे विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम सामने आ रहा है, जिसने कर्नाटक की सियासत में खलबली मचा दी है। जानकारी के मुताबिक साल 2024 में होलनरसीपुरा में भाजपा के उम्मीदवार रहे देवराज गौड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पत्र लिखा था। देवराज का कहना था कि पेनड्राइव में कुल 2976 वीडियो हैं और इनमें से नजर आ रहीं ।

### जेडीएस से गठबंधन न करने की दी थी सलाह

गौड़ा ने अपने पत्र में लिखा था कि अगर हम हासन लोकसभा सीट से जेडीएस उम्मीदवार को नॉमिनेट करते हैं तो यह वीडियोज ब्रह्मास्त्र हो सकते हैं। इतना ही नहीं अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि गठबंधन होने के स्थिति में हमारी पार्टी पर बलात्कारियों का समर्थन करने का आरोप लग सकता है। गौड़ा ने जेडीएस के साथ गठबंधन न करने की सलाह भी दी थी। गौड़ा का कहना है कि ऐसा लगता है कि वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना है क्योंकि वह वीडियो के कुछ हिस्सों में नजर आया है। ऐसा लगता है कि वह अपराधी है, इसलिए मैं उसे तत्काल पार्टी से बाहर करने की मांग कर रहा हूं। वहीं इस मामले में कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने कहा कि एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है और टीम को बहुत कुशल अधिकारी मिले हैं। इसलिए मेरी चिंता पीड़ितों के लिए हैं।

---

## 11 दिसंबर 23 को इस संबंध में दायर याचिकाएं की गई थीं निरस्त

# क्या सुप्रीम कोर्ट फिर से करेगा 370 पर सुनवाई? 1 मई को हो जाएगा तय

इसे लेकर कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर 1 मई को विचार किया जाएगा। उस दिन शीर्ष अदालत यह तय करेगा कि इस मामले की दोबारा सुनवाई की जाए या नहीं? सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## सीएम विष्णुदेव साय ने शोक व्यक्त किया

# पिकअप व मिनी ट्रक की भिड़ंत से 9 की मौत, 23 घायल हो गए

गंभीर रूप से घायल चार लोगों का रायपुर एम्स में इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक पिकअप और मिनी ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित 9 की मौत हुई है। जबकि गाड़ी में सवार अन्य 23 लोग घायल हो गए है। घायलों को बेमेतरा जिला अस्पताल, सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कुछ गंभीरव घायलों को राजधानी के एम्स में रेफर किया गया है।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में कांग्रेस झोंकेगी ताकत

# भिंड में आज राहुल की जनसभा 2 मई को प्रियंका मुरैना आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए मतदान होना है।

इसके लिए राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं का प्रदेश में जमावड़ा लगना जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह बरैया के समर्थन में भिंड में रैली करेंगे। यह मौजूदा चुनाव में



राहुल गांधी का मध्य प्रदेश का दूसरा दौरा है। इससे पहले राहुल गांधी पहले चरण की सीट पर प्रचार के लिए आठ अप्रैल को मंडला और शहडोल में रैली करने आए थे।

### प्रफुल्ल पटेल की दादागिरी टाइट कर देंगे

राहुल गांधी ने दमन-दीव के प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने प्रफुल्ल पटेल को यहां राजा बनाकर बैठा दिया है। प्रफुल्ल पटेल के मन में जो आता है, वे करते हैं और जनता को परेशान करते हैं, लेकिन ऐसा सिर्फ आपके साथ नहीं हो रहा, ये पूरे देश में हो रहा है।

---

## रेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने का आरोप

महिला ने जोबट पुलिस थाने में आवेदन देकर दोनों नेताओं की शिकायत की थी

# पीसीसी अध्यक्ष पटवारी, विधायक विक्रांत भूरिया पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलीराजपुर

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और झाबुआ से कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर अलीराजपुर के जोबट थाना क्षेत्र में गैंगरेप पीड़ित परिवार की पहचान उजागर करने का आरोप है। एक महिला ने जोबट पुलिस थाने में आवेदन देकर दोनों नेताओं की शिकायत की है। जोबट थाना टीआई सोनू शितोले ने बताया कि पुलिस ने धारा 228ए, भादिव, 23 पाक्सो एक्ट और 74 जेजे एक्ट में दोनों नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। गौर हो कि



शुक्रवार को जोबट थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 साल की एक आदिवासी बच्ची से गैंगरेप की वारदात हुई थी। रविवार को जीतू पटवारी और विक्रांत भूरिया पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे।

---

> ग्राम पंचायत डभौरा, अकौरिया, मगडौर, गेदुरहा, कोटा, पनवार एवं लटियार के मानदेय कर्मियों का संविलियन कर नियमित कर दिया गया था। उक्त अधिकारियों ने बड़ी मिली-भगत के बाद नियम विरूद्ध नियुक्ति की थी

## रीवा के डभौरा नगर पंचायत में 49 कर्मचारियों की नियुक्ति मामला

# संयुक्त संचालक, दो सीएमओ समेत 12 कर्मचारी निलंबित, जांच के बाद सरकार की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने रीवा जिले के डभौरा नवगठित नगर परिषद में 49 पंचायत कर्मियों का नियम विरूद्ध संविलियन करने में मामले में रीवा संभाग के संयुक्त संचालक आरपी सोनी, चाकघाट के सीएमओ संजय सिंह व गुढ़ के सीएमओ केएन सिंह समेत 12 अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस मामले में ग्राम पंचायत डभौरा, अकौरिया, मगडौर, गेदुरहा, कोटा, पनवार एवं लटियार के



मानदेय कर्मियों का संविलियन कर नियमित कर दिया गया था। उक्त अधिकारियों ने बड़ी साजिश के बाद नियम विरूद्ध नियुक्ति की थी।नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि डभौरा नगर परिषद में नियम विरूद्ध नियुक्ति करने को लेकर शिकायत हुई थी। उक्त शिकायत के आधार पर अपर संचालक नगरीय प्रशासन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कर रिपोर्ट तलब की गई थी। जांच दल ने इसी 18 अप्रैल को अपनी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी थी।

### इन अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया निलंबित

राज्य शासन ने रीवा संभाग में पदस्थ संयुक्त संचालक आरपी सोनी, नगर परिषद चाकघाट के तत्कालीन सीएमओ संजय सिंह और गुढ़ नगर परिषद के सीएमओ केएन सिंह, डभौरा के सहायक ग्रेड एक मुनेंद्र कुमार पांडे, सहायक राजस्व निरीक्षक सतीश कुमार कुमार द्विवेदी, स्वच्छता उप निरीक्षक अंकुश सिंह बघेल, लेखापाल एमएल साकेत, पंचायत उसकी की सचिव सुशीला दीक्षित, घूमन के सचिव रामराज सेन, जनपद पंचायत जवा में संबंद्ध कामता कोल, दिनेश पांडे, ग्राम पंचायत कंचनपुर में पदस्थ परशुराम तिवारी को निलंबित किया गया है। बताते हैं कि इन अधिकारियों व कर्मचारियों ने मामले का भंडाफोड़ होने के बाद अलग अलग स्थानों पर नियुक्ति ले ली थी।

# एक तो कटौती ऊपर से गर्मी का सितम

## बिजली विभाग मौन, नहीं हो रही फॉगिंग



**जबलपुर।**

गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। कुछ दिन की राहत के बाद अब धूप तल्ख हो चुका है तो लू के थपेड़े शरीर को बेध रहे हैं। मौसम का अभी तल्ख तेवर देख आशंका जताई जा रही है आने वाला समय खास मुश्किल भरा हो सकता है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। सूर्य देवता आग उगल रहे है। पंखे में रात काटना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्गीय परिवार को कूलर से ही थोड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के साथ ही कूलर बाजार गर्म होने लगा है। इसके साथ ही ब्रांडेड की आड़ में लोकल कूलरों ने बाजार पर कब्जा जमा रखा है।

गर्म हवाओं के चलने से तापमान बढ़ने लगा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही तेज धूप चुभने लगती हैं। 12 बजे के बाद धूप की तपिश काफी बढ़ जाती है। भले ही उमस भरी गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है, फिर भी छांव में बैठने पर भी तपिश महसूस की जा रही थी।

भीषण गर्मी तो अभी आने वाली है लोगों को अभी करीब दो महीने तक गर्मी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं दिख रहे है। तेज धूप और उसम के कारण लोग अपने घरों में कैद रहते हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। रोजमर्रा से कार्य के लिए निकलने वाले लोग घरों से छतरी व गमछा बांधकर निकलते हैं। गर्मी के कारण लोग बुरी तरह से बेहाल हैं। बिजली कटौती से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम की मार अभी और बढ़ सकती है।

### पानी, बिजली की समस्या से परेशान

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी व लू से लोग बेहाल हैं। वहीं बिजली, पानी की किल्लत भी लोगों को परेशान किए है। जिले भर में अधिकांश तालाब सूख चले हैं। कई इलाकों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। कई ग्रामों के लोग पीने के पानी के लिए सार्वजनिक हैंडपंपों पर ही आश्रित हैं। गर्म हवाओं ने लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल कर दिया है।

### खानपान पर रखें संयम

गर्मी में खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे में खाने-पीने का खास खयाल रखा जाए तो शरीर कमजोर होने और बीमारी की आशंका काफी कम हो जाती है। दूसरी तरफ खाने-पीने में लापरवाही और कुछ अन्य जरूरी बातों का ध्यान न रखने पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मौसम में शरीर में पानी का स्तर ठीक रखना बेहद जरूरी है। ऐसे पेय पदार्थों से बचें, जो पेट में गैस पैदा करते हैं। यह पाचनतंत्र को बिगाड़ता है। मौसमी फलों को ज्यादा तरजीह दें।



फोटो राशिद (5)

# भगवान श्री परशुराम जयंती पर वाहन रैली 11 मई को

**जबलपुर।** भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन के तत्वाधान में समस्त ब्राह्मण संगठनों द्वारा भगवान परशुराम जयंती समारोह पूर्वक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर एक विशाल महा रैली शनिवार को धनवंतरी नगर से निकाली जाएगी। इस आशय का निर्णय गत दिवस एक बैठक में लिया गया। बैठक में भगवान विष्णु के षष्टम अवतार भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न समितियां का गठन करके कार्य विभाजन का दायित्व एवं प्रभार सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव डॉ.संजय गौतम ने की। बैठक में तय किया गया कि वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया के अगले दिवस 11 मई शनिवार को धन्वंतरी नगर के श्री सिद्ध दुर्गा मंदिर में शाम 4 बजे से, भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा वाहन रैली के रूप में दोपहर 4:00 बजे मंदिर प्रांगण से निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्गो से होकर गौतम मढ़िया में धर्मसभा के रुप में परिणीत होगी। धर्मसभा को संत गणों द्वारा संबोधित किया जाएगा। बैठक में भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन पंडित अजय दुबे, अरुण चतुर्वेदी(दददू) डॉ संजय गौतम,शोभा तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा पत्रकार,अमित दुबे,अतुल दुबे, देव कुरारिया, मनीष तिवारी,रमेश उपाध्याय, राकेश अवस्थी (बबलू), वीरेन्द्र तिवारी, आराधना दुबे, कल्पना तिवारी, ऊषा तिवारी, आंबुज पाण्डे, नीरज तिवारी, कार्तिक पाण्डे आदि उपस्थित थे।

## जल्द प्रसन्न होते हैं भगवान शिव : पं. मिथलेश तिवारी

# बिलहरी में निकली शिव महापुराण कलश शोभायात्रा



**जबलपुर।** बैशाख माह के उपलक्ष्य में बिलहरी में शिव महापुराण का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर आज 28 अप्रैल भव्य विशाल कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ बड़े हनुमान मंदिर बिलहरी से कथा स्थल तक निकाली गई। तत्पश्चात व्यासपीठ के पूजन उपरान्त व्यासपीठ से कथा व्यास पं. मिथलेश तिवारी ने बताया कि शिव ही एकमात्र ऐसे हैं जो कि सच्चे मन से उनकी उपासना करने वाले पर अतिशीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं, वहीं वरदान देने में भी अग्रणी हैं, इसलिये उन्हें भोलेनाथ व भोले भंडारी भी कहा जाता है। शिवपुराण में 29 अप्रेल को नारद मोह की कथा का वर्णन किया गया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं प्रभु इच्छा तक जारी रहेगी। कलश शोभायात्रा में मंगलराम महावर, ब्रजलता महावर, संदीप महावर, स्वीटी महावर, आदित्य महावर, बबली महावर, मोनिका महावर, रोहित महावर, मुकेश महावर, अनीता महावर, पूजा महावर, सतीश महावर, सुनीता गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, नारायण दुबे, राजा गर्ग, राजेश दुबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, ग्रामवासी, क्षेत्रीयजन व श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

## घर में पकड़ा गया तड़ीपार

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत मदीना मस्जिद के पीछे सिरसातले गोहलपुर में जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने वालें एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि आरोपी को जिला दंडाधिकारी द्वारा जबलपुर के सीमावर्ती जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए जिलाबदर का आदेश दिया गया था। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मदीना मस्जिद के पीछे सिरसातले गोहलपुर निवासी 40 वर्षीय मोह.जुनैद उर्फ मामू गत दिवस जिला बदर के आदेश का उल्लंघन कर अपने घर पर आया हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी मोह. जुनैद उर्फ मामू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जिला दंडाधिकारी द्वारा गत 4 जनवरी को जिला बदर का आदेश दिया गया था। आरोपी के विरुद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

# सकारात्मक सोच पर निर्भर है सफलता

## यूपीएससी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र ने अनुभव किया साझा



**जबलपुर।**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में हाल ही में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण जिज्ञांशु अग्रवाल ने परीक्षा में सफलता के अनुभव विद्यार्थियों में साझा करते हुये बताया कि हमारी एकाग्रता, लगन, मेहनत और धैर्यशीलता से ही सफलता प्राप्त होती है साथ ही सही मार्गदर्शक का चयन जरूरी है। जिससे हम मार्गदर्शन एवं अपनी बात शेयर कर सकें। सामान्य ज्ञान के लिए प्रतिदिन समाचार पत्र को अनिवार्य रुप से पढ़ना चाहिये। इससे हमें बहुत मदद प्राप्त होती है। अपने प्रश्नों के उत्तर लिखते समय प्रभावी प्रस्तुतीकरण के लिए निरंतर अभ्यास करना चाहिये। विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देते हुये कहा श्री अग्रवाल ने कहा कि जितने समय भी पढ़े मनोयोग से पढ़े सफलता आपकी सकारात्मक सोच पर निर्भर करती है। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि जिज्ञांशु अग्रवाल हमारे साथी प्राध्यापक डॉ.पी.के.अग्रवाल के सुपुत्र है। इन्होनें यूपीएससी परीक्षा में सफलता अर्जित की है यह निसंदेह गौरव की बात है और आज हमारे विद्यार्थियों ने इनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं इनसे प्रेरणा प्राप्त करेगें। प्रो. अरुण शुक्ल ने जिज्ञांशु अग्रवाल को अंगवस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ.पी.के.अग्रवाल, श्री प्रमोद श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ.टी.आर.नायडू, डॉ. हेमंत तनकंपन के साथ महाविद्यालय के लगभग 45 विद्यार्थी उपस्थित रहें।



## मुख्यमंत्री कन्या दान योजना का लाभ दिलाने हेतु जबलपुर कलेक्टर से भेंट की

**जबलपुर।** रविदास समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री कन्या दान योजना का लाभ दिलाने हेतु जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना से भेंट की। दीपक सक्सेना को रविदास वंशीय परिचय एवं परिणय विवाह कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा निर्धारित राशि सहयोग हेतु प्रदान करने के संबंध में एवं रविदास वंशीय परिणय परिचय सम्मेलन जो दिनांक 17/6/2024 को मानस भवन जबलपुर में सम्पन्न होने जा रहा है के सम्बंध में अवगत कराया गया ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया, कलेक्टर के द्वारा हम सभी लोगों को अपना एवं शासन के द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन देते समय आयोजन मंडल के राजेन्द्र चौधरी, श्रीदास अहिरवार, संजीत अहिरवार, आरडी चौधरी, राजा सुशील अहिरवार, मूलचंद मोरे, महेश चौधरी एवं एड. अयोध्या चौधरी उपस्थित रहे।

# घटिया विद्युत सुरक्षा सामग्री से लाईन मैनों की जिंदगी दांव पर

**दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए : इं. अशोक जैन**

जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण कंपनी के लाईन स्टॉफ के लिए सुरक्षा सामग्री खरीदी करने का आरोप मप्र पत्रोपाधि अभियंता संघ ने लगाया है। अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन एवं स्वर्ण सिंह मनकोटिया के के असाटी सीके लखेरा, नृपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि घटिया विद्युत सुरक्षा सामग्री एक तरफ से लाईन स्टॉफ की जिंदगी से खिलवाड़ है। इसके लिए दोषियों को बख्शा न जाए। जारी एक विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है कि पिछले दिनों पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी क्षेत्र अतंर्गत ग्लव्स, पाना पिचिंस, हैलमेट, कैप आदि घटिया स्तर की सुरक्षा सामग्री खरीदी गई जिससे लाईन मेन करने वाला स्टॉफ अपने आप को असुरक्षित पा रहा है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके पूर्व भी संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थानाई स्तर पर घटिया सुरक्षा सामग्री खरीदी जा रही थी। उसके फलस्वरूप भी आये दिन विद्युत दुर्घटना हो रही है जिससे लाइन स्टाफ प्रभावित हो रहा है जिसका प्रभाव सीधे तौर पर कनिष्ठ अभियंताओं पर भी पड़ता है अधिकारी जिम्मेदार कनिष्ठ अभियंता को मानकर उसके विरुद्ध अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाती है अभियंता संघ ने इसका घोर विरोध करते हुए ऐसी कार्रवाई की निंदा की है। पत्रोंपाधि अभियंता संघ ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि सुरक्षा उपकरणों के लिए गठित जांच कमेटी के अधिकारियों जिनके द्वारा सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई है एवं जिन अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया हो उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में न तो इस तरह की घटिया खरीदी हो सके और न ही लाईन स्टॉफ के जीवन से खिलवाड़ किया जा सके। अभियंता संघ ने कार्रवाई न होने की स्थिति में इस मामलें को लेकर आंदोलन करने की बात भी कही है।

## प्रभु श्रीराम विषयक संगोष्ठी और प्रांतीय अधिवेशन सितम्बर, अक्टूबर में

**जबलपुर।** इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत के पदाधिकारियों की बैठक प्रांत अध्यक्ष प्रो. कपिलदेव मिश्र की अध्यक्षता में नेहरू युवा केंद्र जबलपुर में संपादित हुई। इस अवसर पर सर्वप्रथम पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात महासचिव डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी ने बैठक के विषयों को पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रांत के सभी 21 जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्ति करते हुए इकाइयों के गठन और सदस्यता अभियान चलाने पर प्रमुख रूप से बल दिया। साथ ही पूरे प्रांत में इतिहास दिवस और इतिहास ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कराए जाने की बात कही। उक्त अवसर पर महासचिव ने संगठन के 6 आयामों के अंतर्गत 10 विषयों पर लेखन कार्य किए जाने पर भी बल दिया। प्रांत अध्यक्ष प्रो. कपिल देव मिश्र ने पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी के समवेत प्रयास से ही संगठन को मजबूती प्राप्त होगी तथा आगामी सितम्बर, अक्टूबर माह में प्रांत में महाकौशल में प्रभु श्रीराम विषयक संगोष्ठी और प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।



## बारी समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनिल बारी विजयी घोषित हुये

**जबलपुर।** बारी समाज की आमसभा में वर्ष 2024-2026 के लिए बारी समाज जबलपुर पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी अनिल बारी विजयी घोषित हुये, इनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. सुरेश वर्मा को हार का सामना करना पड़ा, कोषाध्यक्ष पद हेतु ओमप्रकाश रावत एवं राजेन्द्र बारी का कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें राजेन्द्र बारी विजयी हुये, सचिव पद हेतु अखिलेश बारी के विरोध में कोई प्रत्याशी का नामांकन दाखिल नहीं होने के कारण इन्हें निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। इस चुनाव का मूल कारण पूरे भारत में बारी बंधुओं को सूचना हो कि संस्था का संचालन निष्पक्ष चुनाव के द्वारा होना चाहिये। संस्था के अरुण वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, राकेश रावत, राजेश पालिक, अजय वर्मा, राजेश वर्मा, सुशील रावत द्वारा चुनाव अधिकारी के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण कर चुनाव संपन्न कराया गया।

# बौद्ध विहार संघ, महिला मंडल द्वारा परिचय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध महिला मंडल के तत्वावधान में विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ खरे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, विशिष्ट अतिथि यादवराव मेश्राम, कार्यक्रम अध्यक्ष उमाकांत गजभिये ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम का संचालन धर्मशील चाटे ने किया। तत्पश्चात युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश के जिलों के युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन में बौद्ध विहार के राजेश जनबन्धु, सिद्धार्थ उरकुडे, आशीष गजभिये, नितिन गजभिये, रामकृष्ण काम्बले, उज्जवल सूर्यवंशी, सुरेश इंदुरकर, वंदना मेश्राम, पूर्णिमा वानखेड़े, हर्षिका गोलाइत, माधुरी गजभिये, सुचित्रा भोवते, सविता लोखंडे, कविता सहारे, शोभा गोटेकर एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## राजकुमार यादव बने प्रांतीय सचिव



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने संगठन के प्रांतीय सचिव दिनेश गोंड की अनुशंसा पर राजकुमार यादव को संगठन का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया है। राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, क्रिस्टोफर नरोनाह, गुडविन चार्ल्स, सुधीर अवधिया, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, रऊफ खान, एनोस विक्टर, प्रदीप पटेल, फिलिप एंथोनी, आर पी खनाल, योगेश ठाकरे, अनूप दाहत, अशोक परस्ते आदि ने उन्हें बधाई देकर उनका स्वागत किया।

## कृषि विवि का सूक्ष्म जीव अनुसंधान अद्वितीय

# 16 प्रकार के उच्च गुणवत्तायुक्त जैव उर्वरक तैयार



**जबलपुर।** कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कृषकों हेतु विभिन्न फसलों के लिये जैव उर्वरक उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं जो कि जैविक कृषि के प्रमुख आदान के रूप सर्वेत्तम सिद्ध हो रहे हैं। साथ ही इनकी लोकप्रियता प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इस दौरान मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत संचालित सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा जैविक कृषि के प्रमुख आदान जवाहर जैव उर्वरक का उत्पादन किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा फसलों में उपयोग हेतु सूक्ष्म जीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा 16 प्रकार के उच्च गुणवत्ता के जैव उर्वरकों को केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाय.एम.शर्मा की देखरेख में वैज्ञानिकों के कुशल नेतृत्व में तैयार किया गया है। गौरतलब है कि सूक्ष्म जीव अनुसंधान व उत्पादन केन्द्र द्वारा विविध फसलों हेतु उत्पादित 16 प्रकार के प्रमुख जवाहर जैवउर्वरक में जवाहर राईजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर, जवाहर एजोस्पिरिलम, जवाहर एसीटोबेक्टर, जवाहर माईकोराइजा, जवाहर पोटाश घोलक जीवाणु (के.एस.बी.), जवाहर नीलरहित काई (बी.जी.ए.) कल्चर, जवाहर फॉस्फेट घोलक जीवाणु (पी.एस.बी), जवाहर जिंक घोलक, जीवाणु (जेड.एस.बी.), जवाहर स्यूडोमोनास, जवाहर ई.एम. कल्चर, जवाहर बॉयोफर्टिसॉल, जवाहर बैक्टोबूस्टर, जवाहर ट्राईकोडर्मा, जवाहर विघटक-1, जवाहर जैव विघटक-2, उत्पादों की श्रखला कृषकों हेतु कम लागत व गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इन उत्पादों का कृषक भाई अपने खेतों में रबी,खरीफ एवं जायद की विभिन्न प्रकार की फसलों में किचिन गार्डन, टैरेस गार्डन, फलोद्यान व फूलों की खेती में उपयोग कर उत्पादकता के साथ भूमि की उर्वरता में सकारात्मक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।


**In The Court of VIII Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur**
Presiding Officer : अंकिता शाही
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण कमांक (MJC SUC/0000047/2024)
रामकुमार गुप्ता ............. आवेदक
Vs.
आई.सी.आई.सी.आई.बैंक लिमि. ... अनावेदक
Process id - /2023
पेशी दिनांक - 05/06/2024
प्रेषिति- (1) आम जनता, पता- जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार गुप्ता पता- म.नं.-607, गोल बाजार, दुर्गा मंदिर के आगे, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक कलावती गुप्ता निवासी म.नं.-607, गोल बाजार, दुर्गा मंदिर के आगे, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. की ICICI बैंक Limited through Branch म.नं.938 सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड, ब्लूम चौराहा, मॉडल रोड, नेपियर टाउन, शास्त्री ब्रिज, जबलपुर म.प्र. में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 05 जून 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 जून 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 25 अप्रैल 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मोहर
(श्रीमती अंकिता शाही)
अष्टम सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जबलपुर म.प्र.
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु नोटिस एवं प्रकाशन के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते आवेदक की उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बावत की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 3 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक/सं.क्रं.-03/एम/2023/24/254
दिनांक :- 28/03/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक चांदवानी पिता श्री राधाकृष्ण चांदवानी ने भवन क्रं. 2004/डी1 के-10 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड प्लाट 825 भूतल 600 व.फु. प्रथम तल 600 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत भवन क्रं. 2004/डी1 के-10 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) सुमित कोहली पिता इंदरजीत कोहली के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-03 रामपुर
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/19
दिनांक :- 29/04/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ऋषभ समदड़िया पिता स्व. श्री मानक चंद समदड़िया ने मकान नं. 257/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1200 व.फु. प्रथम तल 1530 व.फु. द्वितीय तल 150 व.फु. मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/20
दिनांक :- 29/04/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री सौरभ जैन पिता श्री नेमचंद जैन (2) श्रीमति शिल्पी जैन पति श्री सौरभ जैन ने मकान नं. 176/ई वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि- 2400 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/21
दिनांक :- 29/04/2024
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ जैन पिता श्री नेमचंद जैन ने मकान नं. 327/जी वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 140 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर